पुलिस में होंगी 56,880 भर्तियां

योगी सरकार ने दिया दशहरे का तोहफा : 1 नवंबर से शुरू होगी प्रक्रिया, जुलाई तक होगी संपन्न

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। योगी सरकार ने दशहरे का तोहफा देते हुए पुलिस के 56880 पदों पर भर्ती का कार्यक्रम बृहस्पतिवार को जारी कर दिया। सिपाही, बंदीरक्षक, फायरमैन के लिए भर्ती 1 नवंबर से शुरू होगी और अगले वर्ष जुलाई के अंत तक चलेगी। प्रमुख सचिव गृह अरविंद कुमार ने बताया कि डीजीपी की ओर से यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को प्रस्ताव भेज दिया गया है।

2018 में अर्हता से बाहर वालों को भी मौका : प्रमुख सचिव गृह ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2017 में सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि हर वर्ष 30 हजार सिपाहियों की भर्ती होगी। वर्ष 2017 में कोई भर्ती नहीं हुई, इसलिए ऐसे अभ्यर्थी जो 2017 में अर्हता पूरी कर रहे थे और 2018 में बाहर हो गए, उन्हें इस भर्ती में मौका दिया जाएगा।

51,216 सिपाहियों के लिए 30 नवंबर तक आवेदन

51,216 सिपाहियों में 32 हजार नागरिक पुलिस, 19216 पीएसी के पद होंगे। नागरिक पुलिस के 20 फीसदी पद महिलाओं के लिए यानी 6400 पद महिलाओं व 25600 पद पुरुषों के लिए होंगे। 1 नवंबर से 30 नवंबर तक आवेदन करना होगा। 4 व 5 जनवरी को ऑनलाइन परीक्षा होगी। जून के तीसरे सप्ताह तक परिणाम घोषित होंगे।

फायरमैन के 1924 पद

फायरमैन के 1924 पदों के लिए 5 नवंबर से 4 दिसंबर के बीच आवेदन लिए जाएंगे। ऑनलाइन परीक्षा 10 जनवरी को होगी। परिणाम जुलाई के अंत तक घोषित होंगे। भर्ती बोर्ड के पास 1679 पदों का ही प्रस्ताव लंबित है। प्रमुख सचिव गृह ने डीजी फायर सर्विसेज को शेष 245 पदों के लिए भी प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया है।

बंदीरक्षक के 3638 पदों पर भी भर्ती

बंदीरक्षक के 3012 पद पुरुषों व 626 पद महिलाओं के लिए आवेदन 5 नवंबर से 4 दिसंबर के बीच होंगे। ऑनलाइन परीक्षा 8 व 9 जनवरी को होगी। जुलाई अंत तक परिणाम घोषित होंगे। माउंटेन पुलिस के लिए खाली 102 पदों पर भी इसी अवधि में भर्ती प्रक्रिया संपन्न होगी।

18 से 22 वर्ष की आयु वाले ही भर सकेंगे फॉर्म

आवेदन 18 से 22 वर्ष की आयु वाले अभ्यर्थी ही कर सकेंगे। उम्र की गणना 1 जुलाई 2018 से होगी। शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट होगी। एक पद के लिए एक से अधिक बार आवेदन स्वीकार नहीं होंगे।

>> 9 माह में पूरी कवायद आसान नहीं : पेज 3

लिखित परीक्षा 300 अंकों की, माइनस मार्किंग भी

300 अंकों की लिखित परीक्षा में सामान्य ज्ञान, सामान्य हिंदी, संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता, मानसिक अभिरुचि एवं तार्किक क्षमता के प्रश्न होंगे। माइनस मार्किंग भी होगी। इसमें सफल अभ्यर्थियों के दस्तावेज का सत्यापन होगा। फिर शारीरिक परीक्षा होगी। पुरुषों को 25 मिनट में 4.8 किमी व महिलाओं को 14 मिनट में 2.4 किमी दौड़ पूरी करनी होगी।